## खबर संक्षेप

### नशीले इंजेक्शन ले जाते आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के सोहागपुर पुलिस ने अवैध नशीले इंजेक्शन के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 13 जुलाई की है, जब पुलिस को सूचना मिली कि कोटमा तिराहा के पास एक स्कूटी में दो व्यक्ति नशीले इंजेक्शन बेच रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी सोहागपुर के निर्देशन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्कूटी में दो युवक बैठे थे, जिनमें से एक पुलिस को देखकर स्कूटी लेकर भाग गया, जबकि एक को मौके पर ही पकड़ लिया गया। गिरफ्तार युवक ने अपना नाम मोहित यादव पिता स्व. रामकिशन यादव उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड नं. 24 सोहागपुर बताया। तलाशी लेने पर मोहित के पास से 50 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए। पूछताछ में भागे हुए युवक की पहचान राहुल मिश्रा उर्फ डेविड पिता अवधेश मिश्रा उम्र 31 वर्ष निवासी सिटी स्टार होटल के पीछे के रूप में हुई, जिसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने स्कूटी और नशीले इंजेक्शन जब्त कर दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक जवाहर लाल राय, प्रधान आरक्षक मो. सफी, शैलेन्द्र कोल एवं आरक्षक त्रिलोक सिंह की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम की तत्परता और साहसिक कार्रवाई की प्रशंसा की है। वहीं पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ ऐसी कार्यवाहियों को आगे भी जारी रखने की बात कही है।

### पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक ने किया पौधरोपण



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के पुलिस लाइन परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत प्रकृति को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने पौधरोपण किया। पुलिस महानिरीक्षक अनुराग शर्मा ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करना है, ताकि आने वाली पीढियों को स्वच्छ और हराभरा पर्यावरण मिल सके। उन्होंनें जनमानस से अपील की है कि पौधरोपण कार्य में बढ़ चढक़र सहभागिता निभाएं।

### 16 जुलाई को एक दिवसीय रोजगार मेला

**शहडोल।** प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आर.के वर्मा ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रषिक्षण संस्था शहडोल में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 16 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला में श्रीराम लाइफ इन्श्योरेन्स लिमिटेड, शहडोल, एलआईसी इंडिया लिमिटेड शहडोल, एसआईएस सिक्योरिटी, अनूपपुर, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रायवेट लिमिटेड, सांई बाबा सिक्योरिटी, शहडोल, प्रथम एजुकेशन जबलपुर, ग्रोफास्ट एग्रीटेक प्रायवेट लिमिटेड सहित अन्य कंपनिया सम्मिलित होगी। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में सहभागिता की अभिस्वीकृति दिवाकर सिंह जिला रोजगार कार्यालय को मोबाइल नम्बर-9407813779 एवं ईमेल पर अनिवार्य रूप से प्रदाय करें।

### सीएमएचओ ने काम्बेट टीम एवं कन्ट्रोल रूम स्थापित करने के दिए निर्देश

**शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने उल्टी-दस्त एवं अन्य मौसमी बीमारियों के मद्देनजर सभी मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आवश्यकता अनुसार दवाईयों जिला स्टोर इण्डेन्ट बनाकर जिला स्टोर से तत्काल प्राप्त करे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ब्लाक स्तर पर काम्बेट टीम बनायें एवं कन्ट्रोल रूम स्थापित करें जो 24 घण्टे लगातार क्रियाशील रहे।

---


### सचिव के अकेले हस्ताक्षर से हुआ लाखों का भुगतान

# पेसा एक्ट को ठेंगा, जनप्रतिनिधि को किया नजरअंदाज

**शहडोल।** ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार चरम पर है। पेंट और ड्रायफ्रूट घोटालों के बाद अब ग्राम पंचायत सेमरा में सचिव ने सरपंच को दरकिनार कर दर्जनों बिलों का भुगतान कर दिया। यह पंचायत नियमों का खुला उल्लंघन है, फिर भी जनपद और जिला पंचायत ने कोई संज्ञान नहीं लिया। उनकी चुप्पी पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल खड़े कर रही है। जिले में ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार अब बेलगाम होता नजर आ रहा है। हाल ही में उजागर हुए पेंट घोटाले और ड्रायफ्रूट घोटाले के बाद अब जनपद पंचायत बुढ़ार के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है, जहां सचिव ने सरपंच की जानकारी और सहमति के बिना दर्जनों बिलों का भुगतान कर डाला। इस पूरे मामले ने पंचायतों में पारदर्शिता और जवाबदेही के सवाल को फिर से चर्चा में ला दिया है। ग्राम पंचायत सेमरा में बीते कुछ महीनों के भीतर जो कार्य किए गए और उनके भुगतान हुए, उनकी जब ग्रामीणों ने जांच-पड़ताल की तो चौकाने वाले तथ्य सामने आए। दर्जनों बिल केवल पंचायत सचिव के हस्ताक्षर से पास कर दिए गए, जबकि नियमानुसार किसी भी प्रकार के भुगतान के लिए सरपंच और सचिव दोनों के संयुक्त हस्ताक्षर अनिवार्य हैं। इस प्रकार सरपंच को भुगतान की जानकारी तक न देना, पंचायत के सामूहिक निर्णय तंत्र और पेसा कानून की खुली अवहेलना है, जो आदिवासी क्षेत्रों की स्वशासन व्यवस्था को सुनिश्चित करता है।

#### क्या है पेसा एक्ट और क्यों है ये उल्लंघन

पेसा एक्ट 1996 में बनाया गया एक विशेष कानून है, जो अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा की सर्वोच्चता और पंचायतों को स्वशासन के अधिकार प्रदान करता है। इस अधिनियम के तहत पंचायत में कोई भी कार्य बिना ग्रामसभा की जानकारी और मंजूरी के नहीं किया जा सकता, लेकिन सेमरा पंचायत के इस प्रकरण में न तो ग्रामसभा की बैठक के दस्तावेज सामने आए हैं, न ही कार्यों की स्वीकृति प्रक्रिया पारदर्शी है। उल्टा, चुने हुए जनप्रतिनिधि यानी सरपंच को ही दरकिनार कर दिया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पेसा एक्ट का उल्लंघन करते हुए सचिव ने मनमाने ढंग से कार्य स्वीकृत कर भुगतान करा डाला।




#### ग्रामीणों ने खुद निकाले पंचायत से फर्जी बिल

इस मामले में बड़ी बात यह रही कि ग्रामीण खुद पंचायत की वेबसाइट पर जाकर वहां से भुगतान किए गए संदिग्ध बिलों की प्रतियां निकाल लाए, और उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कई बिलों में एक ही दिन में अलग-अलग मदों में लाखों रुपए का भुगतान दर्शाया गया है, लेकिन धरातल पर ऐसे किसी कार्य का अस्तित्व ही नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कार्य हुआ भी है, तो उसका न तो कोई भौतिक सत्यापन हुआ है, न कोई जनप्रतिनिधि या ग्रामसभा से स्वीकृति ली गई। इससे स्पष्ट होता है कि पूरा तंत्र केवल कागजों पर चल रहा है और सरकारी राशि की बंदरबांट पंचायत सचिव और जनपद स्तर के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से हो रही है।

#### सवालों के घेरे में प्रशासन की चुप्पी

जब यह मामला सामने आया, तब स्थानीय ग्रामीणों ने जनपद कार्यालय जाकर इसकी लिखित शिकायत की, लेकिन अभी तक न तो जनपद सीईओ की ओर से कोई जांच टीम भेजी गई है और न ही जिला पंचायत या कलेक्टर कार्यालय से कोई संज्ञान लिया गया है। इससे आम जनता में यह संदेश जा रहा है कि प्रशासन इस तरह के घोटालों को दबाने में ही ज्यादा रुचि रखता है, न कि दोषियों पर कार्रवाई करने में।

#### भुगतान की हो जांच

ग्रामीणों ने अब इस पूरे मामले की जिला कलेक्टर से जांच की मांग की है। साथ ही वे भुगतान से जुड़े सभी कार्यों का स्वतंत्र एजेंसी से भौतिक सत्यापन कराने की मांग कर रहे हैं, जिससे यह पता चल सके कि वास्तव में धरातल पर कोई काम हुआ भी है या नहीं। इसके अलावा उन्होंने दोषियों पर एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई करने, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज करने तथा भविष्य में पेसा एक्ट के उल्लंघन की स्थिति में सचिवों को निलंबित करने की व्यवस्था लागू करने की भी मांग की है। यह मामला सिर्फ सेमरा पंचायत तक सीमित नहीं है, बल्कि शहडोल जिले की कई पंचायतों में ऐसी ही व्यवस्था लागू है, जहां सचिव ही ठेकेदार, भुगतान अधिकारी और सत्यापनकर्ता बना बैठा है। पेसा एक्ट जैसे मजबूत कानूनी अधिकारों के बावजूद, यदि सरपंचों और ग्रामसभाओं की अनदेखी कर काम होगा, तो यह लोकतंत्र और आदिवासी हितों के साथ धोखा होगा।

---

**ट्रैफिक व्यवस्था के अभाव में आए दिन बिगड़ रहा है शहर का यातायात संतुलन**

# अंबेडकर चौक पर जाम में फंसी एंबुलेंस, पुलिस-प्रशासन नदारद



**शहडोल।** शहर की यातायात व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सोमवार दोपहर करीब 2:20 बजे अंबेडकर चौक पर बेतरतीब यातायात और ट्रैफिक पुलिस की गैरमौजूदगी के चलते अचानक लंबा जाम लग गया। इस जाम में एक एंबुलेंस भी फंस गई, जो काफी देर बाद मशक्कत के बाद बाहर निकल सकी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यह चौक शहर का एक प्रमुख व्यस्ततम इलाका है, जहां रोज़ाना हजारों वाहन गुजरते हैं। बावजूद इसके यहां किसी प्रकार की स्थायी ट्रैफिक व्यवस्था नहीं है। सोमवार की दोपहर जैसे ही वाहन चालकों की भीड़ बढ़ी, सडक़ पर अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते चौक पर चारों दिशाओं से वाहन फंस गए और एक भी पुलिसकर्मी वहां नजर नहीं आया। हालात तब चिंताजनक हो गए जब एक मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस जाम में फंस गई। कई लोग रास्ता साफ करने की कोशिश करते नजर आए, लेकिन वाहन इतने अधिक थे कि एंबुलेंस को निकलने में काफी समय लग गया।

उधर, यातायात विभाग के कर्मचारी शहर के अंदर यातायात सुधारने की जगह हाइवे किनारे खड़े होकर वसूली में मशगूल नजर आए। लोगों का कहना है कि शहर में कई ऐसे प्रमुख चौराहे हैं, जहां आए दिन जाम की स्थिति बनती है, लेकिन पुलिस केवल रस्म अदायगी के लिए ही पहुंचती है। व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने इस स्थिति पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि यदि ऐसे ही हालात बने रहे तो, किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि शहर के व्यस्त चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की जाए और ट्रैफिक सिग्नल या मैनुअल कंट्रोल की पुख्ता व्यवस्था की जाए। हर दिन की यह जाम की तस्वीर न केवल नागरिकों के धैर्य की परीक्षा ले रही है, बल्कि आपात सेवाओं में भी बाधा बन रही है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कितनी तत्परता से कार्रवाई करता है।

---

# कल से झूलेलाल चालीसा महोत्सव प्रारंभ

### झूलेलाल मंदिर में कलश यात्रा से होगा शुभारंभ

**शहडोल। सिंधी समाज द्वारा आयोजित झूलेलाल चालीसा महोत्सव का शुभारंभ 16 जुलाई से झूलेलाल मंदिर शहडोल में होने जा रहा है, जो 24 अगस्त तक 40 दिनों तक चलेगा। इस अवधि में सिंधी समाज के लोग व्रत, उपासना, जल-ज्योति पूजा और धार्मिक आयोजनों में पूरी तरह लीन रहेंगे।** झूलेलाल सेवा मंडल के अध्यक्ष चंदन बहरानी ने बताया कि इस वर्ष यह महोत्सव 18वां वर्ष है। चालीसा महोत्सव की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि लगभग 1500 वर्ष पूर्व जब मिरखशाह बादशाह ने सिंधी हिंदुओं पर जबरन धर्म परिवर्तन का आदेश जारी



किया था, तब वे सिंधु नदी के तट पर एकत्र होकर उपवास व जल-ज्योति पूजा करने लगे। उसी दौरान भगवान झूलेलाल ने जन्म लिया और समाज को संकट से उबारा। उसी स्मृति में यह महोत्सव प्रतिवर्ष मनाया जाता है। महोत्सव की शुरुआत 16 जुलाई को प्रातः 09 बजे झूलेलाल मंदिर में बहराणा साहब की पूजा, आरती व पल्लव से होगी। इसके उपरांत 9:30 बजे कलश यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर मोहन तालाब पहुंचेगी, जहां कलश में जल भरकर पुनः मंदिर लाया जाएगा। लगभग 10 बजे मंदिर में कलश स्थापना के साथ अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी, जो पूरे 40 दिनों तक जनकल्याण हेतु निरंतर जलेगी। इस अवधि में प्रतिदिन अखो (चालीसा पाठ), आरती, पल्लव के साथ-साथ विभिन्न संतों व महात्माओं के सत्संग, भजन-कीर्तन व धार्मिक आयोजन होंगे। श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेकर झूलेलाल भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट करेंगे। आयोजक मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक लाभ उठाने की अपील की है।

---

# विद्यालय में जिए सिंध सेवा संगम द्वारा गणवेश वितरण

### स्वच्छता व पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



**शहडोल।** विवेक पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल एवं सत्य साइन इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रांगण में जिए सिंध सेवा संगम द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए गणवेश वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष श्रीमती दीपा मंगलानी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रितु रूप रंग, इनर व्हील क्लब की पूर्व अध्यक्ष रश्मि जवानी, समिति सदस्याएं कविता जगबानी, जूही ग्वालानी, प्राची जेठानी, राखी आहूजा, जय आहूजा, वर्षा कुंदनानी, महिमा वासवानी, कामना कटारिया, अरुण आहूजा, सपना कटारिया, भारतीय कंजनी एवं शोभा अपटानी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रचार्या डॉ. अनीता निगम ने अतिथियों का स्वागत, वंदन और अभिनंदन किया। संचालन डॉ. गोपाल प्रसाद निगम (अधिवक्ता) ने किया एवं आभार प्रदर्शन उमाकांत वर्मा व रामकरण मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया, साथ ही परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सहभागिता सराहनीय रही। आयोजन को सफल व प्रेरणादायक बताते हुए अतिथियों ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

---

## कल्चुरी कालीन विराट शिव मंदिर में भक्ति और उत्साह का अनोखा संगम



### विराट शिव मंदिर में अपनी आस्था अर्पित करने पहुंचे श्रद्धालु

**शहडोल।** सावन का पवित्र महीना शुरू हो चुका है, और भगवान शिव की भक्ति में डूबी विराट नगरी शिवमय हो उठी है। सावन का पहला सोमवार, जो भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है, विराट शिव मंदिर में आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला। बाबा के दर्शन और जलाभिषेक के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। विराट नगर की गलियों में 'बोल बम' के जयकारों की गूंज और भक्ति की लहर ने हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सावन का पहला सोमवार जिला मुख्यालय शहडोल के कल्चुरी कालीन विराट शिव मंदिर में भक्ति और उत्साह का संगम लेकर आया। श्रद्धालु भोले नाथ बाबा के चरणों में अपनी आस्था अर्पित करने पहुंचे। विराट शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ शिवलिंग के रूप में विराजमान हैं। इस मंदिर की स्थापना 11 वीं शताब्दी में कल्चुरीकाल के राजा युवराज देव प्रथम ने कराई थी। यह मंदिर चंदेल शासकों के खजुराहो मंदिरों से मिलता- जुलता है। मंदिर की लंबाई 46 फीट और ऊंचाई 72 फीट है। मंदिर के बाहर नंदी विराजमान हैं। मंदिर की दीवारों पर बाहर की ओर जो प्रतिमाएं पत्थरों पर नक्काशी कर बनाई गई हैं, वे खजुराहो की तरह हैं। जिला मुख्यालय के दुर्गा मंदिर, रेल्वे स्टेशन मार्ग में स्थापित भोलनाथ के मंदिरों सहित अन्य शिव मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी, हर गली, हर मंदिर 'हर हर महादेव' के उद्घोष से गूंजा।

---

# प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षको को विभागीय कार्यप्रणाली से कराया गया अवगत

शहडोल। पुलिस महानिरीक्षक अनुराग शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी भौंरी में प्रशिक्षणरत 43 वें बैच के 17 प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षको को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली के बारे में अवगत कराया। इस अवसर विभागीय जांच की प्रक्रिया, माइनर एक्ट्स (एससी-एसटी, आम्र्स, जुआ, गोवंश अधिनियम), मुखबिर तंत्र, अधीनस्थों से संवाद व विश्वास निर्माण, ऑफिसर इंचार्ज की भूमिका, मानव संसाधन प्रबंधन, राजनैतिक हस्तक्षेप से निपटना, तकनीकी सुपरविजन,



पब्लिक रिलेशन, मीडिया से संवाद, आईएसओ प्रमाणीकरण, घटनास्थल की प्राथमिकता जैसे अन्य विषयों में विस्तृत जानकारियों से अवगत कराया गया।

प्रशिक्षु अधिकारियों ने थाना कोतवाली शहडोल का भ्रमण किया, जहां उन्हें थाने की कार्यप्रणाली, रिकॉर्ड संधारण, विवेचना एवं जनसुनवाई जैसी अन्य व्यवस्थाओ के बारे में जानकारी दी गई। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी भौंरी में प्रशिक्षणरत 43 वें बैच के 17 प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षको को अपने व्यावहारिक प्रशिक्षण के अंतर्गत जिला शहडोल के भ्रमण पर हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य उन्हें जमीनी स्तर की पुलिसिंग, प्रशासनिक प्रबंधन और नेतृत्व कौशल से परिचित कराना है।

---

# ट्रांसफर के बाद रेंजर अर्पित मेराल को दी भावभीनी विदाई



### वन्य जीवों के रक्षक रहे रेंजर मेराल, तस्करों की नाक में किया था दम

**उमरिया।** बांधवगढ टाइगर रिज़र्व के पतौर कोर के वन परिक्षेत्राधिकारी एवं रेस्क्यू प्रभारी रहे अर्पित मेराल का स्थानांतरण संजय टाइगर रिज़र्व सीधी होने के बाद पार्क कर्मियों ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी है। इस मौके पर एक भावुक फेयरवेल पार्टी आयोजित की गई, जिसमें सभी कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। रेंजर अर्पित मेराल न केवल प्रशासनिक कार्यों में दक्ष थे, बल्कि वन्य प्राणियों के व्यवहार और प्रकृति की गहरी समझ रखने के लिए भी जाने जाते थे। उनके नेतृत्व में कई वन्य तस्करों और शिकारियों को पकडऩे में सफलता मिली। रेस्क्यू ऑपरेशनों में भी उन्होंने कई बार जोखिम उठाकर जानवरों की जान बचाई। पार्क कर्मियों ने कहा कि उनका सहज स्वभाव, तेज़ निर्णय क्षमता और जमीनी समझ उन्हें एक काबिल अधिकारी बनाती थी। विदाई के समय साथी कर्मचारी भावुक हो गए और कई की आंखें भर आईं। अब देखना यह है कि उनके स्थान पर आने वाले अधिकारी इस मजबूत विरासत को कैसे आगे बढ़ाते हैं। बांधवगढ टाइगर रिज़र्व के कई रेंजर्स का स्थानांतरण हुआ था, उनमें मुख्य रूप से पनपथा कोर, पतौर कोर, धमोखर बफर, ताला कोर एवं खितौली कोर के रेंजर्स शामिल है।

---

## कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्वक निराकरण के दिए निर्देश



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को संतुष्टिपूर्वक निराकरण दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए मैदानी अमले को भी दायित्व सौंपे तथा जिला प्रमुख अधिकारी शिकायतो के निराकरण की स्थिति की मॉनीटरिंग करें। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में दी जाने वाली सेवाओं का निराकरण समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से कर लिया जाए। कलेक्टर ने जिले में लगातार हो रही बारिस को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों को बारिस से हुए नुकसान का आकलन कर आरबीसी के प्रावधानों के अनुसार सहायता राशि का वितरण शीघ्र कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री सडक़ योजना, जल संसाधन विभाग सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिले की सडक़ों तथा पुल-पुलियों तथा जल संरचनाओं का निरीक्षण करते रहें तथा जहां भी वर्षा के कारण संरचनाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं, उनका आकलन कर प्रतिवेदन तैयार करें। वर्षा के कारण होने वाले नुकसान की जानकारी जिला एवं जनपद स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम में अनिवार्य रूप से दें।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के तहत की जा रही जांच



**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ व्ही एस चंदेल के निर्देशन एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. मुकुल तिवारी के मार्गदर्शन में टी.बी. मुक्त पंचायत अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर गोरईया अंतर्गत ग्राम गिंजरी विकासखंड पाली में 100 दिवसीय निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित समस्त व्यक्तियों में से लगभग 70 लोगों की टी.बी. की स्क्रीनिंग व एक्स रे जांच की गई जिसमें 05 लोगों में टीबी के लक्षण पाए गए। जिनका ट्रीटमेंट दिनेश सिंह धुर्वे एसटीएस पाली द्वारा चालू किया गया। उपस्थित लोगों को टी.बी. के प्रति सामाजिक जागरूकता लाने हेतु निक्षय शपथ दिलाई गयी। शिविर में डीपीसी शारदा प्रसाद गुप्ता, एसटीएस दिनेश सिंह धुर्वे, शिवानी महरा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी गोरईया, संस्था पीपीएसए दिव्य ज्योति, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### बिना मुंडेर वाले कुओं का अवलोकन करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करेंः कलेक्टर



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा वन विभाग के अधिकारियों से कहा है कि वर्षा के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि नही हो, इसके लिए आवश्यक है कि बिना मुंडेर वाले कुओं का अवलोकन किया जाए तथा दुर्घटना घटित नही हो, इसके लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए एवं उसकी रिपोर्ट सौपी जाएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### खतरनाक तरीके से परिवहन पर कार्यवाही

**कटनी।** यातायात पुलिस ने एक मालवाहक वाहन को क्षमता से अधिक लापरवाही पूर्वक सामान ले जाते हुए पकड़ा। मालवाहक में सामान इस तरह लोड था कि उससे हादसे की आशंका बनी हुई थी। कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के दौरान माधवनगर गेट में एक मालवाहक वाहन क्रमांक MP-21-ZF-0607 का चालक वाहन में खतरनाक तरीके से बिना किसी सुरक्षा के माल लोड कर परिवहन कर रहा था। जिसे मौके पर रोक कर चैक किया गया तो मालवाहक चालक ने मालवाहक वाहन में क्षमता से अधिक माल खतरनाक तरीके से लोड किया था। जिससे परिवहन करते समय दुर्घटना घटित हो सकती थी।

### उपयंत्री के लिए बदले कायदे, जिम्मेदारों की चुप्पी शर्मनाक

# उधार की कुर्सी और भ्रष्टाचार की बेलगाम उड़ान

#### ब्यौहारी जनपद पंचायत में नियमों की धज्जियां

**शहडोल।** जिले की ब्यौहारी जनपद पंचायत की स्थिति इन दिनों शासन-प्रशासन के संवैधानिक ढांचे की जगह 'मनमर्जी तंत्र' का नमूना बनकर रह गई है। यहां न केवल राज्य शासन के नियमों की अवहेलना की जा रही है, बल्कि व्यक्तिगत हितों को साधने के लिए नियमों को तोड़-मरोड़कर अपने मुताबिक लागू भी किया जा रहा है। सबसे ताज्जुब की बात यह है कि पूरे शासन तंत्र में बैठे जिम्मेदार अधिकारी इस अनियमितता पर आंख मूंदे बैठे हैं। मामला उपयंत्री विजय सिंह से जुड़ा है, जिन्हें नियमों को दरकिनार कर ब्यौहारी जनपद पंचायत का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बना दिया गया है, जबकि वह अब भी एक उपयंत्री के पद पर कार्यरत हैं। शासन के स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं कि जनपद पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी का कार्यभार केवल वही अधिकारी संभाल सकता है, जो अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) या सहायक यंत्री के नियमित पद पर कार्यरत हो। ऐसे में विजय सिंह की नियुक्ति नियमों का खुला उल्लंघन है।

#### नियमों को मोडने की साजिश

विजय सिंह को सीईओ की कुर्सी दिलाने के लिए तत्कालीन जिला पंचायत के मुखिया द्वारा राजपत्र में उल्लेखित दिशा-निर्देशों की जानबूझकर अनदेखी की गई। उनके लिए विशेष नियम तैयार किए गए और बिना किसी विधिसम्मत आदेश या वैधता के उन्हें पदभार सौंप दिया गया। इस पूरी प्रक्रिया में सत्ताधारी दल के कुछ प्रभावशाली नेताओं की सीधी भूमिका मानी जा रही है।

#### उधार की कुर्सी से चला रहे कार्यालय

विजय सिंह वर्तमान में एक उधार की कुर्सी पर बैठे हैं , यानी न तो वह पद उनके लिए वैध है, न ही उनका अधिकार क्षेत्र। बावजूद इसके वे जनपद पंचायत में बैठकर अपने से कनिष्ठ कर्मचारियों को आदेश दे रहे हैं और कई मामलों में वरिष्ठ अधिकारियों को भी दिशा-निर्देश जारी कर रहे हैं। यह न केवल प्रशासनिक मर्यादाओं का उल्लंघन है, बल्कि इससे कार्य संस्कृति और जवाबदेही पर भी गहरा असर पड़ा है।



#### ब्यौहारी की योजनाएं बेहाल

ब्यौहारी जनपद की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, शौचालय निर्माण, सडक़ों का निर्माण, जल जीवन मिशन सभी योजनाएं धांधली और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं। इन कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी, अपात्र हितग्राहियों को लाभ और बिना कार्य किए भुगतान जैसे मामले आम हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जनपद पंचायत का संचालन केवल कागजों पर हो रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर कुछ नहीं बदला। ऐसे में आम जनता की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं और योजनाओं का मूल उद्देश्य कहीं खो गया है।

#### मिलीभगत से फैला भ्रष्टाचार

ब्यौहारी जनपद में इस भ्रष्टाचार के जाल में केवल विजय सिंह ही नहीं, बल्कि अन्य कई अधिकारी भी शामिल हैं। सचिव, सहायक यंत्री, लेखा शाखा से जुड़े अधिकारी और स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों की मिलीभगत से फर्जी मस्टर रोल, बिल, मटेरियल खरीद और ठेके चल रहे हैं। कहीं पर बिना कार्य के भी भुगतान किए जा रहे हैं और कहीं निर्माण कार्यों में दोयम दर्जे की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। कई पंचायतों में रजिस्टरों में हेराफेरी, बिल भुगतान में फर्जीवाड़ा, और जमीन पर कोई काम नहीं होने के बावजूद रिकॉर्ड में कार्य पूर्ण दिखाया गया है। ये सारी बातें इस ओर इशारा करती हैं कि ब्यौहारी में भ्रष्टाचार एक संगठित तंत्र का रूप ले चुका है।

#### जिम्मेदारों की चुप्पी चौंकाने वाली

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पूरे जिले के आलाधिकारियों को इस प्रक्रिया की जानकारी होते हुए भी किसी ने हस्तक्षेप नहीं किया। यहां तक कि राजधानी भोपाल तक बैठे वरिष्ठ अधिकारी, जिनके हस्तक्षेप से इस प्रकार की अनियमितताओं पर तुरंत अंकुश लगाया जा सकता था, वे भी मौन धारण किए बैठे हैं। इससे यह संदेह और मजबूत होता है कि विजय सिंह की पदस्थापना और कार्यप्रणाली को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है और यही कारण है कि उन्हें नियम विरुद्ध तरीके से एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रशासनिक पद पर बैठा दिया गया।

#### पंचायत राज व्यवस्था की गिरती साख

ब्यौहारी जनपद में इस प्रकार की अराजकता ने पंचायती राज व्यवस्था की मूल भावना को ही आहत कर दिया है। जनपद स्तर पर जब योजनाओं का संचालन एक अपात्र व्यक्ति के हाथ में होगा तो, स्वाभाविक है कि योजनाएं निष्प्रभावी हो जाएंगी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। पूर्व और वर्तमान जिला पंचायत के मुखिया द्वारा इस विषय पर कोई कार्यवाही न करना उनकी भूमिका पर भी गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। क्या यह प्रशासनिक लापरवाही है या फिर जानबूझकर अनदेखी की गई, यह जांच का विषय है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न



#### सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायत अन अटेंडेंड नही रहे । समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनों तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। उन्होने लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि लंबित प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही की जाए तथा उसका प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए ।

#### आपात से निपटने रहें तैयार

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि बरसात के बाद जो रास्ते ध्वस्त हो गए है , उन पर संबंधित विभाग त्वरित कार्यवाही करते हुए रास्ते की मरम्मत करके सुचारू रूप से प्रारंभ करवाएं जिससे आवागमन प्रभावित न हो । बारिश के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 24 घंटे तत्पर रहे। आपात स्थिति की सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही करें ।

#### फायर सेफ्टी प्लान का पालन कराएं

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की बैठक में कहा कि पेट्रोल पंपो, अस्पतालों, गैस गोदामों पर फायर सेप्टी प्लान को अप्रूव कराएं और जो पुराने है उनका परीक्षण कर लें । जिनके व्दारा फायर सेप्टी प्लान के दिशा निर्देशों का पालन नही किया जा रहा है उनकी जांच करके उन पर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## जिला मानीटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन की बैठक संपन्न



**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार जिला स्तर पर दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों की चुनाव प्रक्रिया में अधिकतम सहभागिता व साझेदारी को सुनिश्चित करने, उनको दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा एवं उपायों को कारगर बना कर चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सुलभ बनाने के लिए जिला स्तरीय समिति जिला मानीटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन का पुर्नगठन किया गया है। समिति के सभी सदस्यों को आयोग के निर्देशों से अवगत कराने के संबंध में कलेक्टर सभागार कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बीएलओ अपने हेड क्वार्टर में रहें। 18 वर्ष की आयु से उपर वाले किसी भी प्रकार की दिव्यांगता वाले व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जोड़े। जो छूटे हुए है उनका नाम स्पर्श पोर्टल की मदद से जोड़ा जाए। बैठक में मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा ने बताया कि 89 बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ की संख्या 285 है जिसमें बांधवगढ़ में 115, चंदिया में 103 तथा नौरोजाबाद में 67 बीएलओ है । मानपुर 90 विधानसभा क्षेत्र में 328 बीएलओ है जिसमें मानपुर में 225 तथा पाली में 103 बीएलओ है । उन्होने बताया कि कुल मतदाता 482398 मतदाता है जिसमें 89 बांधवगढ़ में 230630 मतदाता है जिसमें पुरूष मतदाताओ की संख्या 117514 तथा महिला मतदाताओ की संख्या 113114 तथा दो अन्य मतदाता शामिल है । 90 मानपुर में 251768 मतदाता है जिसमें पुरूष मतदाताओ की संख्या 129254 तथा महिला मतदाताओ की संख्या 122514 है । पीडब्ल्यूडी मतदाताओ की संख्या 3679 है । सीनियर वोटरो की संख्या 2548 है जिसमें 89 बांधवगढ़ में 1241 मतदाता तथा 90 मानपुर में 1307 है ।

## 132 लोडर को मिलेगा लगभग 10 करोड़ रुपए: श्रीकांत शुक्ला

#### प्रबंधन ने मांगी सभी मांगे, जूस पिलाकर अनशनकारियों को उठाया



**हरिभूमि न्यूज, कोतमा।** 26 जून से कोयला मजदूर सभा HMS महाप्रबंधक कार्यालय के सामने मजदूरों के मुद्दों को लेकर क्रमिक अनशन में बैठा हुआ था। 13 जुलाई को महाप्रबंधक के हस्ताक्षेप के बाद अंततः लिखित समझौता हुआ प्रबंधन और संगठन के बीच हुए समझौते के अनुसार मुख्य बिंदु के बारे मे जमुना कोतमा क्षेत्र के अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने बताया कि 132 लोडरों का एरियर्स प्रक्रियाधीन है और जुलाई का वेतन जो अगस्त में मिलना है उस वेतन में एरियर्स को जोड़कर भुगतान कर दिया जाएगा। 132 लोडरों को भुगतान लगभग 5से 10 करोड़ के आसपास होना है। रवि साहू एवं मुन्ना यादव के बेसिक सुधार की कमेटी का गठन हो गया है बेसिक सुधार कर एरियर्स सहित जुलाई पैड इन अगस्त में पेमेंट कर दिया जाएगा। जमुना कोतमा क्षेत्र में सभी प्रकार की पदोन्नति जैसे माइनिंग सरदार से ओवर मैंन ग्रेड बी में पदोन्नति, कैटगरी 6 से अक्जेलरी फोरमैन ग्रेड सी की पदोन्नति, ऑक्जेलरी फोरमैन ग्रेड C से B में पदोन्नति, रिज़नल हॉस्पिटल कोतमा कोलियरी में ड्रेसर की पदोन्नति एवं अन्य पदोन्नति जो बजट के अनुसार वाकया है सभी पदोन्नति की सूची अगस्त के पहले सप्ताह तक हर हाल में प्रकाशित कर दी जाएगी। लड़ाई संगठन के पक्ष में रही कामगारों की लड़ाई में सबका अच्छा सहयोग रहा खासकर रमाशंकर तिवारी, कौशलधीश द्विवेदी, लक्ष्मीकांत तिवारी, बासुकी सिंह टी एन पाण्डेय, रवि साहू, मुन्नयादव, भारतेंदु (गुड्डा) सोनी, शंभुशरण राय, सचिन गुप्ता, विनय पाण्डे, शरद त्रिवेदी, रोहिणी तिवारी, कौशलेंद्र तिवारी, विवेक शुक्ला, मुकेश लहरें, अजय नारायण,अ रविंद भारती, अनिल सिंह, रजनीश पटेल, अभय जायसवाल, रमेश तिवारी, राहुल मिश्र, रवि त्रिवेदी, मेवालाल पटेल, राजेश झा, रामाधार, गंगाराम त्यागी, शैलेन्द्र दुबे तथा सभी पदाधिकारी एवं कार्य कर्ताओं का सहयोग सराहनीय रहा। अंत में बाजे गाजे व पटाखों के साथ कार्यक्रम का समापन करते हुए मिष्ठान का वितरण करते हुए सभी को सफलता की बधाई तथा 18 ओर 19 जुलाई को मेंबरशिप वेरीफिकेशन में सभी को पूरे लगन से लग जाने का आग्रह किया गया।

## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने ग्राम मरदरी में किया भ्रमण

उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ व्ही एस चंदेल द्वारा ग्राम में भ्रमण कर जांच शिविर आयोजित किया गया। षिविर में ग्रामीणों के उपचार में बुखार, पेट दर्द ,बदन दर्द एवं गर्भवती माताए शामिल रही ऐसे कुल 53 मरीज का उपचार किया गया एवं ज्योति सिंह 15 वर्ष ,आंचल सिंह 15 वर्ष ,ताजिया बाई 70 वर्ष ,निशा सिंह 17 वर्ष ,सचिन सिंह 8 वर्ष को उच्च इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा स्वयं उपचार एवं परामर्श सुविधा प्रदान की गई । उन्होंने बताया कि बरसात के दिनों में स्वच्छ पानी एवं ताजा भोजन करें । शौचालय का उपयोग करने के उपरांत साबुन से हाथ धोएं एवं खाना बनाने से पूर्व भी हाथ को सफाई से धोए एवं मच्छरदानी लगाकर रात्रि में विश्राम करें । रात्रि अंधेरे में अति आवश्यक पडऩे पर ही घर से बाहर निकले एवं आने जाने हेतु टॉर्च एवं रोशनी का उपयोग करें । उन्होने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति सजक रहे एवं विषम परिस्थितियों में आशा कार्यकर्ता एएनएम से तत्काल संपर्क करें । शिविर में निशुल्क जांच एवं दवाइयां का वितरण भी किया गया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य अमले को निरंतर जांच एवं निगरानी करने के निर्देशित किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा घर-घर भ्रमण कर ग्रामीणों परामर्श प्रदान किया गया । गतिविधि में डॉ योगेश कुरुवे ,सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रमिला सिंह ,एमपीडब्ल्यू रामचंद्र यादव आशा कार्यकर्ता रामकली सिंह एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।





## सब्जी की सडांध से जीना हुआ दुश्वार



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर पालिका क्षेत्र में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता का पाठ पढ़ाया जाता है। नगर को स्वच्छता में नंबर वन लाने के लिए अधिकारी कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारी दिन-रात मेहनत करते हैं और लोगों को नगर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करने की अपील करते हैं लेकिन उसके बावजूद भी नगर के लोग नगर को स्वच्छ रखना तो दूर नगर की सड़कों में घरों एवं दुकानों से निकलने वाले कचरे को सफाई होने के बाद भी सड़क पर फेंक देते हैं जिसके कारण सड़क में हमेशा गंदगी बनी रहती है। नगर के वार्ड क्रमांक 4 मुक्ति धाम के पास संचालित थोक सब्जी दुकानदारों के द्वारा दुकानों से निकली खराब सब्जियों को झाड़ लगने के बाद सड़क पर ही भेज देते हैं जिसके कारण सड़क पर हर समय गंदगी बनी रहती है बारिश का मौसम होने के कारण खराब सब्जियों से दुर्गंध भी आती है जिसके कारण आसपास के रहवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है साथ ही सड़क पर पड़ी खराब सब्जियों को मुक पशु अपना आहार बनाते हैं जिसके कारण सड़क पर सब्जियों की गंदगी बिक्री पड़ी रहती है आवागमन करने वालों को भी इससे परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसके कारण आसपास के रहवासियों के बीच यह चर्चा बनी रहती है कि ऐसे में कैसे नगर स्वच्छता में अव्वल आएगा। सड़क पर फैली गंदगी को देखते हुए वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद राजेंद्र सोनी के द्वारा कई बार सब्जी दुकानदारों को सड़क पर सब्जी ना फेंकने के लिए भी कहा गया और यह भी कहा गया कि खराब सब्जियों को एक बोरे में भरकर रख दिया करें और जब कचरा गाड़ी आती है तो उसे कचरा वाहन में दे दें लेकिन दुकानदारों की मनमानी पार्षद के बोलने के बाद भी सड़क पर ही खराब सब्जियों को प्रतिदिन फेंका जा रहा है जिसके कारण आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं सी यम ओ से सब्जी दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही करने एवं जुर्माना लगाये जाने की मांग की है।जिससे दुकानदारों का सड़क में खराब सब्जियों का फेंकना बंद हो सके।

## जुआं खेलते पांच जुआरी धराये



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** भालूमाड़ा थाना प्रभारी संजय खलको के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा रविवार को शिवलहरा दारसागर केवई नदी के किनारे शातिर बदमाश धर्मेंद्र मिश्रा उर्फ नन्हे के जुआ फड़ में कार्यवाही की गई है। 52 ताश के पत्तो पर हार- जीत का दाव लगाकर जुआ खेलते 5 जुआरियों को पकडा गया है। आरोपियों के कब्जे से 52 ताश के पत्ते व 4500 रूपया एवं दो मोटर साइकिल पल्सर मोटर साईकल कुल कीमती एक लाख रुपए जप्त कर धारा 13 जुआं एक्ट का अपराध कायम किया गया। थाना प्रभारी संजय खलको ने बताया कि आरोपी धर्मेंद्र मिश्रा उर्फ नन्हे आदतन फड़बाज हैं जिसके विरुद्ध थाना भालूमाड़ा में जुआ खिलाने सहित गुंडागर्दी के कई मामले दर्ज हैं साथ ही कोतमा व आस पास थानो में जुआ के प्रकरण दर्ज है। उन्होंने बताया कि जुआरियों के कब्जे से नगदी 69,000 रुपए जप्त करते हुए आरोपी धर्मेन्द्र मिश्रा पिता भास्कर प्रसाद मिश्रा उम्र 32 साल निवासी पसान, सूरज कुशवाह पिता स्व. रामधनी कुशवाह उम्र 30 साल निवासी वार्ड 07 बनियाटोला कोतमा, डीगेश्वर पटेल पिता जती पटेल उम्र 26 साल निवासी ईटा दफाई भालूमाड़ा, किशन कुमार पिता गोपी कुमार उम्र 27 साल निवासी तीन नंबर दफाई भालूमाड़ा, योग कुमार पिता सेवक राम गंधर्व उम्र 50 साल निवासी पीली दफाई भालूमाड़ा के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। कार्यवाही मे थाना प्रभारी संजय खलको , सहायक उपनिरीक्षक कमल किशोर चन्दौंल, रामेश्वर सिंह, कृपाल सिंह, अभिषेक राजपूत, विनोद जाटव, मोहित राणा शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**उमरिया।** जिले के बिरसिंहपुर पाली थाना क्षेत्र में रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में घायल हुए युवक रामदीन पिता लच्छू कोल निवासी वार्ड क्रमांक 5, गुरूहाई टोला की इलाज के दौरान मौत हो गई है। यह हादसा पाली मुख्य मार्ग पर हुआ था, जब शहडोल से उमरिया की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रक सामने से आ रही बाइक से जोरदार टकरा गया। हादसे में तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार थे और एक ही वार्ड के निवासी हैं। टक्कर में रामदीन, निगम पिता धनीराम कोल और अरविंद कुमार पिता बालमुकुंद विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी को तत्काल पाली अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार को इलाज के दौरान रामदीन ने दम तोड़ दिया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है, परिजन सदमे में हैं और रो-रोकर उनका बुरा हाल है। वहीं निगम और अरविंद का इलाज अभी भी जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। ग्रामीणों ने तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने की मांग की है।

### बी.एल.ओ. को निर्वाचन से संबंधित प्रक्रियाओ से कराया गया अवगत

**शहडोल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों को निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोहागपुर में मास्टर ट्रेनर्स डॉ. राजीव श्रीवास्तव, डॉ. सीएमपी मिश्रा, मनोज तिवारी, राजू सिंह, महेंद्र बैस, पंकज तिलाटिया, संजय गुप्ता द्वारा विधानसभा क्षेत्र जयसिंहनगर के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बीएलओ को निर्वाचक नामावली से संबंधित विधिक प्रावधान तथा निर्वाचक नामावली को तैयार करने संबंधी प्रक्रिया, मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वे कर मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन करने, मृत/स्थानांतरित/दोहरी प्रविष्ठि वाले मतदाताओं के नाम, नामावली से हटाने की प्रक्रिया, नामावली के संदर्भ में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, बूथ लेवल एजेंट से संबंधित प्रक्रियाओ, बीएलओ एप, वोटर हेल्पलाईन एप, नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल की तकनीकी की बारीकियों से भी कराया गया।

### नंदी गौ सेवा धाम में पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प



**शहडोल।** शहर के हनुमान घाट पांडव नगर स्थित नंदी गौ सेवा धाम में रविवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने गौशाला परिसर में 10 से अधिक पौधों का रोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। कार्यक्रम के तहत लगाए गए सभी पौधों को ट्री गार्ड से सुरक्षित किया गया और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी स्वयं सदस्यों ने ली। संस्था अध्यक्ष सिल्लू रजक ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और घटते हरियाली को देखते हुए पौधरोपण अनिवार्य हो गया है। यह केवल एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक जरूरी पहल है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी खुद करनी चाहिए। पेड़-पौधे न केवल शुद्ध प्राणवायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पौधरोपण के बाद सभी उपस्थित सदस्यों ने अधिकाधिक पौधे लगाने और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष सिल्लू रजक, विकास जोतवानी, राजेश पटेल, शुभम सोंधिया, अभिजीत बॉबी पनिका, जय धुर्वे, प्रतीक सिंह, दीपक, निर्मल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## इतने बड़े टाउन में सिर्फ दो व्यक्ति बनाते हैं रात में बिजली

# बिजली विभाग में कर्मचारियों की भारी कमी

### आउटसोर्स कर्मचारियों का कंपनी कर रही डिस्पोजल की तरह उपयोग

**ब्यौहारी।**

**बिजली विभाग व्यवहारी में कर्मचारियों की भारी कमी है इसकी पोल तब खुली जब 10 और 11 जुलाई को लगातार 40 घंटे बारिश हुई और उसके बाद विभाग में सुधारने के लिए लोगों की डेढ़ सौ कंप्लेंट आई और सबको कंप्लेंट सुधरवाने में कई घंटे का इंतजार करना पड़ा और अंधेरे में रात बितानी पड़ी**



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 12 जुलाई को रात में 35 कंप्लेंट दर्ज हुई जिनको बनाने के लिए एक आउटसोर्स कर्मचारी और एक लाइन में तैनात थे और पूरे नगर की कंप्लेंट सुधारना था तो वह कहां-कहां जा पाए जबकि लोगों को कहना है कि ब्यौहारी- बड़ा नगर है दो-दो लोगों की तीन टीम होनी चाहिए जिससे लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सके। खंबे में चढ़ता है आउटसोर्स कर्मचारी - आज टेक्नोलॉजी की इस युग में भी बिजली कंपनी द्वारा फोर व्हीलर वाहन और लिफ्ट वाली गाड़ी नहीं दी गई है जिस लाइन बनने वाले लाइनमैन की जिंदगी हमेशा खतरे में रहती है बड़े शहरों की तरह या लिफ्ट होनी चाहिए वहां हो तो उसको उठाकर के तुरंत वहां पर फ्यूज बनाया जा सकता है लाइन को सुधारा जा सकता है लेकिन बिजली कंप्लेंट करवाने गए संजय तिवारी ने बताया कि मुझे 3 घंटे इंतजार करना पड़ा तब जाकर मेरी बिजली सुधर पाई इसी तरह से अन्य लोगों ने भी अपनी समस्याएं बताई कई लोगों की कंप्लेंट सुधार भी नहीं पाई इनका सुधार अगले दिन हो सका विभाग के पास लिफ्ट वहां क्यों नहीं-बिजली विभाग के पास इतना काम रहता है फिर भी कंपनी द्वारा लिफ्ट वहां नहीं प्रोवाइड कराया गया है जिस लाइन मैन और आउटसोर्स कर्मचारी की जिंदगी दांव में लगी रहती:हो चुके हैं कई हादसे ,- पूर्व में विभाग के कई कर्मचारी ख.भो से गिर चुके हैं जिनकी हालत आज काफी खराब है कंपनी द्वारा उनका कोई बीमा का अभी लाभ नहीं दिया गया जबकि जो कर्मचारी खंबा में चढ़ता है उसका 500000 का एक्सीडेंटल बीमा होना चाहिए लेकिन यदि वह खंभा से गिर जाता है तो कंपनी उसको कोई पैसा नहीं देती जो आउट सोर्स कर्मचारी हैं वह सब चंदा करके उसका इलाज करते हैं क्योंकि जो नियुक्ति पत्र आउटसोर्स कर्मचारी को देती है वह नियमित लाइनमैन के सहायक के रूप में देती जैसे नियमित लाइनमैन खंभा में चढ़ेगा और आउटसोर्स कर्मचारी उसकी सहायक उपकरण देगा लेकिन यहां हो उल्टा रहा आउटसोर्स कर्मचारी खंभे में चढ़ता है और जोखिम भरा काम करता है लेकिन जब जोखिम भरा काम करते हुए वह खंभे से गिर जाता है और कंपनी उसको कुछ भी नहीं देती और उसके आउटसोर्स कर्मचारी ही आपस में चंदा करके उसका इलाज करते हैं यह बहुत ही गलत नीति है यदि आउटसोर्स कर्मचारी गिरता है उसकी कैजुअल्टी होती है उसको कम से कम200000 की तात्कालिक सहायता और 10 लख रुपए का एक्सीडेंटल बीमा होना चाहिए जो उसको मिले ।कंपनी कर्मचारियों को डिस्पोजल की तरह उसे करती है उपयोग -जैसे जब डिस्पोजल में पानी खत्म हो जाता है तो डिस्पोजल को फेंक दिया जाता है इस तरह से विद्युत वितरण कंपनी आज के युवाओं को आउटसोर्स कर्मचारी बनाकर जोखिम से जोखिम भरे काम लेती है और जब उसके साथ कोई हादसा हो जाता है तो पल्ला झाड़ लेती मध्य प्रदेश सरकार को खासकर बिजली विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी के बारे में सोचना चाहिए क्योंकि बिजली ऐसा जोखिम भरा काम है जहां जिंदगी दोबारा नहीं मिलती और उन कर्मचारियों का पूरा परिवार सड़क पर आ जाता क्षेत्र के लोगों की मांग है कि आउटसोर्स कर्मचारी का पेमेंट कम से कम 20000 महीने और एक्सीडेंटल500000 की नगद सहायता का प्रावधान किया जाए इनका कहना है। रात के समय फाल्ट ज्यादा होता है लोगों को अंधेरे में रहना पड़ता है पूरे नगर में एक व्यक्ति को ही लाइन सुधारना पड़ता है इसलिए बहुत समय लगता है एक छोर से दूसरे छोर तक जाना पड़ता है इसलिए रात के समय कम से कम दो-दो लोगों की तीन टीम बनाई जाए जिससे लोगों को जल्द से जल्द उनकी लाइन को सुधारा जा सके इसके अलावा लिफ्ट वहां भी दिलाया जाए राममिलन पटेल लाइन इंस्पेक्टर विद्युत विभाग ब्यौहारी।

## सावन का पहला सोमवार: शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब


### श्री राधा कृष्ण मंदिर में प्रतिदिन हो रहा पार्थिव शिवलिंग निर्माण



**धनपुरी ।** सावन माह के पहले सोमवार 14 जुलाई को धनपुरी में शिवभक्ति की अद्भुत छटा देखने को मिली। सुबह से ही नगर के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हर-हर महादेव और ओम्-नमः शिवाय के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने गंगाजल व दूध से भगवान शिव का अभिषेक कर भांग, धतूरा, बेलपत्र, चंदन और अक्षत से पूजन किया।नगर के लिए विशेषः श्री राधा कृष्ण मंदिर में प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माणनगर के श्री राधा कृष्ण मंदिर में 12 जुलाई से धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला चल रही है। मंदिर प्रांगण में 13 जुलाई से प्रतिदिन प्रातः 8:00 बजे से श्री पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं अभिषेक किया जा रहा है, जो नगरवासियों के लिए विशेष आस्था और पुण्य का अवसर बना हुआ है। शिव महापुराण पाठ और अन्य अनुष्ठान भी यहां पूरे श्रावण मास तक संपन्न होंगे।शिवालयों में भक्तों का जनसैलाब, घंटों लगी रहीं कतारेंमां ज्वालामुखी मंदिर, लखवारिया मंदिर, विलियस नंबर 1 शंकर मंदिर,श्री राधा कृष्ण मंदिर, सिद्ध बाबा शिवमंदिर, खेरे माता शंकर मंदिर, रेलवे कॉलोनी शंकर मंदिर सहित नगर के सभी शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें सुबह से ही लग गईं। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ दर्शन और पूजन किया। कई जगहों पर भक्तों को जलपान और प्रसाद वितरण भी किया गया। शिवमहापुराण और भंडारे से गूंजे मंदिर परिसरशिवभक्तों की सेवा में मंदिरों में भंडारे, और भजन संध्या जैसे धार्मिक आयोजन भी किए जा रहे हैं। श्रद्धा और सेवा का यह संगम धनपुरी की आध्यात्मिक पहचान को और सुदृढ़ करता है। सुरक्षा के विशेष इंतज़ामभारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने मंदिरों में सुरक्षा और व्यवस्था के पुख़्ता इंतज़ाम किए। मंदिर समितियों ने भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष सेवाएं उपलब्ध कराईं।अगले सोमवार की तैयारियों में जुटे आयोजकआयोजकों का कहना है कि पहले सोमवार की तरह आने वाले सोमवार को भी शिवभक्तों की संख्या बढ़ेगी। ऐसे में व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## सत्यापन सदस्यता की होड़ में श्रमिकों की समस्याएं फिर हाशिए पर





**धनपुरी।**

एसईसीएल सोहागपुर कोयलांचल में 17 जुलाई से सदस्यता सत्यापन अभियान की शुरुआत बंगवार दामिनी माइंस से होने जा रही है, जिसे लेकर श्रमिक संगठनों में जबरदस्त हलचल है। हर यूनियन अपने-अपने प्रचार और रणनीतियों में जुटी है। जहां एक ओर श्रमिकों की बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, वहीं संगठन केवल नंबर गेम में उलझे हैं।पिछली बार पांचवें, तीसरे स्थान पर रही यूनियन की तैयारी पूरीचर्चा यह भी है कि पिछले वर्ष सत्यापन में पांचवें नंबर पर रही एक प्रमुख यूनियन इस बार उलटफेर करने की पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरी है। वहीं तीसरे नंबर पर रही यूनियन पर भी सबकी निगाहें टिकी हैं, क्योंकि वह भी अपने मजबूत प्रचार और योजनाओं के साथ स्थिति सुधारने की कोशिश में है। इस बार मुकाबला कड़ा माना जा रहा है और सभी संगठन पहले से अधिक ताकत झोंक रहे हैं।समस्याएं फिर हाशिए परसत्यापन की घोषणा होते ही यूनियन प्रतिनिधि कॉलोनियों में सक्रिय हो गए हैं। दरवाजे खटखटाए जा रहे हैं, पर्चे बांटे जा रहे हैं, बड़े-बड़े वादे किए जा रहे हैं। लेकिन यह तस्वीर सिर्फ एक पहलू दिखाती है। वास्तविकता यह है कि श्रमिकों की मूलभूत समस्याओं — जैसे जर्जर क्वार्टर, गंदगी, जल आपूर्ति की कमी, बस सुविधा का अभाव — पर कोई गंभीर काम नहीं हो रहा।सदस्यता सत्यापन सिर्फ संख्या की राजनीति?सूत्रों की मानें तो कई यूनियनें केवल सदस्यता संख्या बढ़ाकर नंबर एक की होड़ में शामिल होना चाहती हैं, जबकि श्रमिकों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सत्यापन के बाद अक्सर वही यूनियनें एक बार फिर निष्क्रिय हो जाती हैं।श्रमिक अब कर रहे हैं सवालअब श्रमिकों का विश्वास डगमगाने लगा है। वे स्पष्ट रूप से कह रहे हैं कि उन्हें नंबर एक यूनियन की नहीं, काम करने वाली यूनियन की जरूरत है। जो यूनियन ज़रूरत के वक्त साथ खड़ी हो, वही उनके लिए मायने रखती है। संगठन के नाम और प्रचार से अब फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि ज़मीनी हकीकत कोई नहीं बदल रहा।श्रमिकों का टूट रहा विश्वासबंगवार दामिनी माइंस से शुरू हो रहे इस सत्यापन अभियान में जहां एक ओर यूनियनें अपने-अपने नंबर सुधारने की होड़ में लगी हैं, वहीं दूसरी ओर श्रमिकों की उपेक्षित जिंदगी उसी हाल में पड़ी है। यदि संगठन इस बार भी सिर्फ सदस्यता तक सीमित रहे और समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया, तो श्रमिकों का विश्वास पूरी तरह टूट सकता है। अब वक्त है कि संगठन केवल सदस्यता सत्यापन तक सीमित न रहें, बल्कि श्रमिक कल्याण को प्राथमिकता दें।

### आधार कार्ड बनाने व सुधारने को लेकर शिविरों का किया जा रहा आयोजन

## शिविरों के माध्यम से 385 नागरिकों के आधार कार्डों में हुए आवश्यक



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जिले के सभी नगरीय निकायों के वार्डो तथा ग्राम पंचायतो में विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ लिए जाने हेतु नागरिकों के आधार कार्ड में आवश्यक सुधार व नए आधार कार्ड बनाए जाने हेतु ग्राम पंचायत व वार्डवार आधार कैम्प का आयोजन प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक प्रतिदिन अलग-अलग वार्ड व ग्राम पंचायत में किया जा रहा है। जिसके तहत 11 व 12 जुलाई को आयोजित आधार कैम्पों के माध्यम से 385 नागरिकों के आधार कार्डों में आवश्यक सुधार कार्य एवं 37 नागरिकों के नए आधार कार्ड बनाए गए।जिले के इन ग्रामीण क्षेत्रों में लगेंगे शिविरजनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत मेड़ियारास में 15 जुलाई को तथा ग्राम पंचायत सिवनी में 16 से 18 जुलाई तक आधार कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। सिवनी में आधार ऑपरेटर शैलेन्द्र सूटी तथा मेडियारास में आधार ऑपरेटर ऊदल चंद्रवंशी द्वारा आधार पंजीयन एवं अपडेशन कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिहा एवं तितरीपोंड़ी में 15 व 16 जुलाई को आधार कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। जमुनिहा में आधार ऑपरेटर दिलीप प्रजापति तथा तितरीपोंड़ी में आधार ऑपरेटर दीपक साकेत द्वारा आधार पंजीयन एवं अपडेशन कार्य किया जाएगा। जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरदा एवं थानगांव में 15 से 17 जुलाई तक आधार कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। उमरदा में आधार ऑपरेटर राजेन्द्र साहू तथा थानगांव में आधार ऑपरेटर सागर महरा द्वारा आधार पंजीयन एवं अपडेशन कार्य किया जाएगा। जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत किरगी तथा शिवरीचंदास में 15 व 16 जुलाई को आधार कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। किरगी में आधार ऑपरेटर लखन लाल तथा शिवरीचंदास में आधार ऑपरेटर पुरुषोत्तम द्वारा आधार पंजीयन एवं अपडेशन कार्य किया जाएगा।

### इन नगरीय क्षेत्रों में लगेंगे शिविर

नगरपालिका अनूपपुर के वार्ड 11 में 15 व 16 जुलाई को आधार कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आधार ऑपरेटर मधुसूदन द्वारा आधार पंजीयन एवं अपडेशन कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार नगरपालिका कोतमा के वार्ड नम्बर 12 में 15 व 16 जुलाई को आधार कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आधार ऑपरेटर निकिता जैन द्वारा आधार पंजीयन एवं अपडेशन कार्य किया जाएगा। नगरपालिका बिजुरी के वार्ड नम्बर 11 में 15 व 16 जुलाई को आधार कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आधार ऑपरेटर सचिन सोनी द्वारा आधार पंजीयन एवं अपडेशन कार्य किया जाएगा। नगर परिषद जैतहरी के वार्ड 11 में 15 व 16 जुलाई को आधार कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आधार ऑपरेटर अजय नायक द्वारा आधार पंजीयन एवं अपडेशन कार्य किया जाएगा। नगरपालिका पसान के वार्ड नं. 01 में 17 से 19 जुलाई तक आधार कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आधार ऑपरेटर विनोद कोल द्वारा आधार पंजीयन एवं अपडेशन कार्य किया जाएगा। नगर परिषद अमरकंटक के वार्ड नं. 11 में 15 व 16 जुलाई को आधार कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आधार ऑपरेटर शिवकुमार सिंह मरावी द्वारा आधार पंजीयन एवं अपडेशन कार्य किया जाएगा। नगर परिषद डोला के वार्ड 11 में 15 व 16 जुलाई को आधार कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आधार ऑपरेटर निलेश कुमार पनिका द्वारा आधार पंजीयन एवं अपडेशन कार्य किया जाएगा। नगर परिषद डूमरकछार के वार्ड 10 में 15 से 17 जुलाई तक आधार कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आधार ऑपरेटर चंद्रिका प्रसाद केवट द्वारा आधार पंजीयन एवं अपडेशन कार्य किया जाएगा। नगर परिषद बनगवॉ (राजनगर) के वार्ड 11 में 15 व 16 जुलाई को आधार कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आधार ऑपरेटर प्रदीप गुप्ता द्वारा आधार पंजीयन एवं अपडेशन कार्य किया जाएगा। नगर परिषद बरगवां (अमलाई) के चन्द्रशेखर आजाद वार्ड 14 में 15 व 16 जुलाई को आधार कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आधार ऑपरेटर अखिलेश मिश्रा द्वारा आधार पंजीयन एवं अपडेशन कार्य किया जाएगा।



## कादौड़ी गांव में उल्टी-दस्त से दो लोगों की मौत

### स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव में कर रहीं कैंप

**शहडोल।** जिले के बुढार विकासखंड अंतर्गत कादौड़ी गांव में उल्टी-दस्त की बीमारी ने कहर बरपा दिया है। पिछले एक सप्ताह में दो लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 10 अन्य लोग अस्पताल में उपचाराधीन हैं। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग में हडक़ंप मच गया है और तीन चिकित्सकीय टीमों को तत्काल गांव भेजा गया है, जो लगातार स्वास्थ्य परीक्षण और इलाज का कार्य कर रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि बीमारी की जानकारी मिलते ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीमें गठित की गईं, जो गांव का भ्रमण कर लोगों की स्वास्थ्य जांच, दवा वितरण और उपचार कर रही हैं। वहीं महामारी अधिकारी डॉ. एसडी कवर ने पुष्टि की कि उल्टी-दस्त की चपेट में आकर रामचरित अहिरवार उम्र 55 वर्ष और रामदास उर्फ तम्मा अहिरवार उम्र 58 वर्ष की मौत हुई है। दोनों अलग-अलग टोलों, बाजार टोला और करही टोला के निवासी थे। महामारी विशेषज्ञ डॉ. अंशुमन ने बीमारी के पीछे गंदे पानी की आपूर्ति को मुख्य कारण बताया। उन्होंने कहा कि गांव में पीने के लिए कुएं और तालाब का पानी इस्तेमाल किया जा रहा है, जो दूषित है और संक्रमण फैलाने का माध्यम बन रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने पीएचई विभाग को खराब हैंडपंपों की मरम्मत के लिए पत्र लिखा है और गांव में ब्लीचिंग पाउडर का छिडक़ाव भी कराया जा रहा है। टीमों द्वारा न केवल जांच और इलाज किया जा रहा है, बल्कि गांववासियों को जागरूक भी किया जा रहा है। लोगों को बताया जा रहा है कि किस प्रकार साफ पानी, स्वच्छता और उबालकर पानी पीने से इस बीमारी से बचा जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग की निगरानी लगातार जारी है, और अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि हालात जल्द ही काबू में आ जाएंगे। ग्रामीणों से सहयोग और सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

# सावन के पहले सोमवार शिवालयों में आया उफान






हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

14 जुलाई श्रावण मास के प्रथम सोमवार को भक्तिभाव और श्रद्धा का अद्भुत संगम नर्मदा मंदिर अमरकंटक तथा ज्वालेश्वर महादेव मंदिर में देखने को मिला। तड़के से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिरों के बाहर लगनी शुरू हो गई थीं। हर-हर महादेव और नर्मदे हर के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा, वही पूरे जिले के शिव मंदिरों मे हर हर महादेव के जयकारों से वातावरण गुंजायमान होता रहा। जिला मुख्यालय समेत कोयलांचल व मैकलांचल मे शिव भक्ति मे लीन दिखे शिव भक्त और पूरा दिन पूजन अर्चन का दौर चलता रहा।

## भोर से शुरू हुई पूजा-अर्चना

अमरकंटक मे सुबह 4 बजे मंदिरों में विशेष पूजन और रुद्राभिषेक आरंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ दूर-दराज से आए तीर्थयात्री भी शामिल हुए। अमरकंटक स्थित नर्मदा मंदिर में मां नर्मदा का दुग्धाभिषेक, पुष्पांजलि और भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रावण सोमवार के अवसर पर निकाली गई कावड़ यात्राओं ने धार्मिक उत्सव में और भी रंग भर दिए। कावड़ियों ने गंगा जल, नर्मदा जल तथा अन्य तीर्थ जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कंधे पर कावड़ लिए हजारों श्रद्धालु जयकारों के साथ ज्वालेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे।



## कोयलांचल में भी रही धूम

सावन माह पहले सोमवार को कोतमा नगर के शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सावन के पहले सोमवार को सुबह से ही नगर के ठाकुर बाबा धाम पंचायती मंदिर धर्मशाला मंदिर शिव सागर धाम गौरीशंकर मंदिर वार्ड क्रमांक 4 शिव मंदिर शक्ति परिसर शिव मंदिर बूढी माता मंदिर लहसुई कैंप शारदा काली मंदिर रेस्ट हाउस रोड विकास नगर शिव मंदिरों में महिलाओं की भीड़ पहुंचनी शुरू हो गई थी महिलाओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चन करते हुए अभिषेक किया। भगवान भोलेनाथ को फ़ूल दूब धतूरा भांग बेलपत्र चढ़ाया। सुबह से लेकर देर रात तक शिव भक्तों की भीड़ मंदिर में लगी रही। नगर में हर तरफ बम भोले के जयकारे गूंज रहे थे। ठाकुर बाबा धाम मंदिर में भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक सामूहिक रूप से करवाया गया जिसमें शिव भक्तों ने पहुंचकर रुद्राभिषेक किया। जगह-जगह शिव चालीसा का आयोजन भी किया गया। घरों में भी लोगों ने मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग बनाकर अभिषेक पूजन किया ।सावन के पहले सोमवार को सुहागिन महिलाएं एवं कुंवारी कन्याओं ने व्रत भी रखा था।

## प्रशासन ने किए विशेष इंतजाम

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल, स्वास्थ्य दल, जल आपूर्ति और सफाई कर्मचारियों की तैनाती से व्यवस्थाएँ सुचारु रहीं। यातायात व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष मार्ग निर्धारण किया गया था। श्रावण मास के इस पावन दिन पर अमरकंटक और ज्वालेश्वर महादेव परिसर आस्था के महासागर में तब्दील हो गए। श्रद्धालु नर्मदा मैया के दर्शन के साथ-साथ भगवान शिव की आराधना कर पुण्य लाभ अर्जित करते नजर आए। प्रथम सोमवार की ऐतिहासिक भीड़ को देखते हुए प्रशासन एवं मंदिर प्रबंधन ने आगामी सोमवारों के लिए भी व्यापक तैयारियों की योजना बनाई है।

### किसानों ने शुरू की धान की रोपाई

# सावन आते ही खेतों में लौटी रौनक, मेड़ बांधने में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

सावन मास का आगमन होते ही किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दी है। किसान खेत की मेड़बंदी समेत अन्य कार्य मे जुट गये हैं। कोतमा सहित ग्रामीण क्षेत्रों मे किसानों के खेतों में रौनक लौट आयी है। जिन किसानों ने रोहणी नक्षत्र में धान का बीज लगाया था, उनका बीज तैयार हो गया है।

## मेड़ बांधने में जुटे किसान

सावन मास का आगमन होते ही किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दी है। किसान खेत की मेड़बंदी समेत अन्य कार्य मे जुट गये हैं। इससे खेतों में रौनक लौट आयी है।



जिन किसानों ने रोहणी नक्षत्र में धान का बीज लगाया था, उनका बिजहा तैयार हो गया है। ऐसे किसान खेतों में धान की रोपाई करने लगे हैं। वैसे किसान जिन्होंने रोहिणी नक्षत्र में धान का बीज नहीं लगाया था, वैसे किसानो के बीज ही सड़ गया. ऐसे किसान मायूस हैं। किसानों ने बताया कि मौसम के प्रतिकूल रहने के कारण उन्होंने रोहिणी नक्षत्र में धान का बीज नहीं डाला था। किसानों ने कहा कि उन्नत किस्म के धान का बीज लगभग 20 दिनों में तैयार हो जाता है. यदि खेतों में पानी नहीं रहा, या समय पर बारिश नहीं हुई, तो धान का बिजहा खराब हो जाता है। इसी को देखते हुए ज्यादातर किसान लेट से धान का बीज बोते हैं। इस वर्ष इसका उल्टा हो गया है। लगातार बारिश से किसानों का बिजहा खेतों में ही सड़ गया। इससे किसानों को दो से लेकर 20 हजार रुपये तक की क्षति हुई है। किसानों का कहना है कि अभी खेतों में पानी है, लेकिन बिजहा तैयार नहीं है। इसके कारण सिर्फ खेतों में मेड़बंदी समेत अन्य कार्य हो रहा है। जैसे ही बिजहा तैयार होगा, वह रोपाई कर देंगे।

किसानों को इस बात का डर सता रहा है कि लगातार बारिश से बीज सड़ जा रहा है। अगर बीज नहीं सड़ा और अच्छी बारिश हुई, तो उम्मीद है कि इस वर्ष धान की पैदावार अच्छी होगी। कुछ किसान खेतों मे रोपाई का कार्य शुरू कर दिया है। किसानों ने बताया कि इस समय मजदूर मिलना मुश्किल हो रहा है और जो भी मजदूर मिल रहे हैं उन्हें ज्यादा मजदूरी देनी पड रही है।

# तेज रफ्तार स्कूटी पेड से टकराई, नाबालिग की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

## पोस्टमार्टम न कराने को लेकर परिजनों का अस्पताल में हंगामा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



थाना अंतर्गत साधा मोड़ के पास विवार की शाम तेज रफ्तार स्कूटी पेड़ से टकराने पर स्कूटी सवार किशन कोल पिता काशीराम कोल उम्र 14 वर्षीय की घटना स्थल में ही मौत हो गई वही स्कूटी में सवार दूसरा युवक साथी कपिल कोल पिता दयाराम कोल उम्र 18 वर्षीय घायल हो गया जिसे 108 एंबुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाया गया जहां पर डॉक्टर विशाल डाबर एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कमलेश सिंह ने प्राथमिक उपचार करते हुए नाबालिग को मृत घोषित किया वहीं दूसरे युवक को जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार कर शहडोल मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है, वही मृतक नाबालिग बच्चे को परिजन बिना पोस्टमार्टम बच्चे के शव को जबरदस्ती घर लेकर जा रहे थे तभी जिला चिकित्सालय में उपस्थित पुलिस चौकी कांस्टेबल एवं सुरक्षा कर्मचारियों के द्वारा रोकने पर परिजनों के द्वारा हाथापाई की गई। सूचना पर तत्काल कोतवाली प्रभारी अरविंद जैन टीम के साथ जिला चिकित्सालय में पहुंचे इसके बाद समझाइश दी गई तब जाकर परिजन नाबालिग के पोस्टमार्टम के लिए माने और माहौल शांत हुआ।

# वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचाव के करें उपाय सावधानियां अपनाकर बच सकते हैं रोगों से

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** वर्षाकाल प्रारम्भ होने से वर्षा के बाद जल जनित और मौसमी बीमारियों के बढ़ने की संभावना अधिक होती है। वर्षा ऋतु में मुख्य रूप से दूषित जल के उपयोग के कारण होने वाली बीमारियां ही प्रमुख रूप से देखी जाती है। दूषित जल के सेवन से टाइफाइड पीलिया, डायरिया, पेचिश एवं हैजा जैसी बीमारियां भी फैलती है। अतः भोजन बनाने मे एवं पेयजल के रूप में शुद्ध उबला हुआ जल का उपयोग करें। कुछ भी खाने के पहले व शौच के पश्चात साबुन से अवश्य हाथ धोयें। पानी और अस्वच्छ आदतों से फैलने वाली बीमारियों में मोटे तौर पर दस्त, कृमि संक्रमण, त्वचा और आंखों के रोग, मच्छरों एवं मक्खियों से फैलने वाले रोग शामिल हैं। दूषित पानी के कारण प्रायः दस्त रोग फैलता है। मुख्य रूप से बच्चों में यह अधिक गंभीर रूप धारण कर सकता है। यह रोग इसलिये भी गंभीर है क्योंकि शरीर में से पानी निकल जाने से बच्चे की मृत्यु भी हो सकती है। दस्त रोग की रोकथाम हेतु प्रायः शुद्ध पेयजल एवं शुद्ध भोजन का उपयोग करें। सड़े-गले फल एवं खाद्य पदार्थो का उपयोग न करें, खाना खाने से पहले एवं शौच के बाद साबुन से अवश्य हाथ धोयें, खुले में शौच न करें, शौचालय का उपयोग करें। घर के आसपास साफ-सफाई रखें, दस्त लग जाने पर ओ.आर.एस. एवं जिंक सल्फेट गोली का उपयोग चिकित्सक की सलाह अनुसार करें। खाने-पीने की वस्तुओं को ढक कर रखें, मक्खियों से बचाव करें, हरी सब्जी एवं फलों को उपयोग करने के पहले साफ पानी धोकर उपयोग करें। मानसून के दौरान बहुत से लोगों को आंखों के रोग हो जाते हैं। आंखों में खुजली व लालपन हो जाता है, चिपचिपी हो जाती है, सफेद और पीले रंग का पदार्थ जमा हो जाता है। इस रोग को आई फ्लू, कंजक्टिवाइटिस या आंखें आना के रूप में जाना जाता है। कंजेक्टिवाइटिस का संक्रमण आपसी संपर्क के कारण फैलता है। इस रोग का वायरस संक्रमित मरीज के उपयोग की किसी भी वस्तु जैसे रूमाल, तौलिया, टॉयलेट की टोंटी, दरवाजे का हैंडल, टेलीफोन के रिसीवर से दूसरों तक पहुंचता है, कम्प्यूटर का की-बोर्ड भी इसे फैलाने में सबसे बड़ा सहायक साबित होता है। आंखे आने पर बार-बार अपने हाथ एवं चेहरे को ठंडे पानी से धोयें, परिवार के सभी सदस्य अलग-अलग तोलिये एवं रूमाल का उपयोग करें, स्वच्छ पानी का उपयोग करें, बार-बार आंखों को हाथ न लगायें, धूप के चश्मे का प्रयोग करें, चिकित्सक को दिखायें। मलेरिया, डेंगू रोग बरसात में फैलता है जिसमें मरीज को ठंड लगकर बुखार आता है। प्रायः बरसात के दिनों में खेत, तालाब, गड्ढे, खाई, घर के आस पास रखे हुए टूटे-फूटे डिब्बे, पुराने टायर, पशु के पानी पीने का होद इत्यादि में जल जमा हो जाते हैं। इस प्रकार के भरे हुए पानी में प्रायः मच्छर के लार्वा पैदा होते है जो बाद में मच्छर बनकर रोग फैलाते है। मलेरिया से बचाव हेतु घर के आसपास जल जमा न होने दे, रूके हुए पानी में मिट्टी का तेल या जला हुआ आईल डालें। कूलर, फूलदान, फ्रिज ट्रे आदि को सप्ताह में एक बार अवश्य साफ करें। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। कीटनाशक का छिड़काव करवायें, मलेरिया रोग हो जाने पर खून की जांच अवश्य कराएं एवं चिकित्सक की सलाह से पूर्ण उपचार लें।

### कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को खेल के प्रति किया जाए प्रेरित-कलेक्टर

## राजस्व वसूली कार्य को प्राथमिकता के आधार पर संपादित कराया जाए- कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले में छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अनूपपुर जिले के अनेक छात्र-छात्राओं में फुटबॉल की उत्कृष्ट प्रतिभा है, जिसे निखारने की आवश्यकता है। इसके लिए जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान एवं जिला शिक्षा अधिकारी संयुक्त रूप से समन्वित प्रयास करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सितंबर माह से जिले में व्यापक स्तर पर फुटबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं, जिससे अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं इस खेल से जुड़ें। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को खेल के प्रति प्रेरित किया जाएगा तथा भविष्य की संभावनाओं के द्वार खोले जाएंगे। कलेक्टर हर्षल पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।कलेक्टर श्री पंचोली ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान को निर्देशित किया कि विद्यालयों में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं समय पर एवं समुचित रूप से उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिलेवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने करपा, फुनगा एवं कोठी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एक्स-रे मशीन संचालन की स्थिति की जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के प्रगति की समीक्षा करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र कृषकों को इस योजना के तहत सोलर कृषि पम्प कनेक्शन का लाभ सुनिश्चित की जाए तथा जिले की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा जाए। इसी के साथ कलेक्टर ने पौधरोपण, उर्वरक वितरण, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, आधार कार्ड से समग्र आईडी केवाईसी अभियान, ई-ऑफिस प्रणाली एवं ई-अटेंडेंस के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्यों के समयबद्ध एवं गुणवत्तायुक्त क्रियान्वयन के निर्देश दिए, ताकि शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ आमजन को सुलभ रूप से प्राप्त हो सके। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंजली द्विवेदी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा अजीत तिर्की सहित जिले के विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# केल्हौरी ग्राम पंचायत में आयोजित हुआ आधार व ई-केवाईसी शिविर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के ग्राम पंचायतो में विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ लिए जाने हेतु नागरिकों के आधार कार्ड में आवश्यक सुधार व नए आधार कार्ड बनाए जाने हेतु जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत केल्हौरी मे आधार कैम्प आयोजित किया गया है। आयोजित आधार कैम्प के माध्यम से 23 नागरिकों के आधार कार्डों में आवश्यक सुधार कार्य किया गया पंचायत क्षेत्र में डबल आईडी तथा इस क्षेत्र में नहीं रहने वाले 107 लोगों के केवाईसी रिमूव करने के साथ ही 7 ई- केवाईसी का कार्य किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी डॉ उमेश द्विवेदी ने आवास निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए ग्राम पंचायत के अमले को आवश्यक निर्देश दिए। जिला पंचायत के सामाजिक अंकेक्षण के जिला समन्वयक संदीप शुक्ला, रामनाथ कोरी ग्राम पंचायत के सचिव संजय सिंह परिवार ग्राम रोजगार सहायक आदि उपस्थित थे।

# समुदाय के सहयोग से विद्यार्थियों को ''तिथि भोजन'' का मिलेगा लाभ

## जिपं. सीईओ ने बीआरसी को व्यवस्था के संबंध में दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनांतर्गत ''तिथि भोजन'' व्यवस्था के संबंध में शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जिले में ''तिथि भोजन'' व्यवस्था को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किए जाने ''तिथि भोजन'' से तात्पर्य है कि किसी विशेष तिथि जैसे जन्म दिवस, वैवाहिक वर्षगांठ, पुण्यतिथि, किसी परीक्षा में सफलता, विशेष उत्सव आदि के दिन विद्यार्थियों को विशेष भोजन समुदाय के सहयोग से प्रदाय किया जाए। भारतीय समाज में पूर्व से ही नवरात्रि आदि



अवसरों पर कन्या भोज की परम्परा है। तिथि भोजन की व्यवस्था संकल्पना इसी परिकल्पना को आगे बढ़ाने का पुनीत प्रयास है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जिले के सभी जनपद शिक्षा केन्द्रों के खण्ड स्त्रोत समन्वयकों को निर्देश दिए हैं कि विद्यार्थियों को तिथि भोज कराते हुए प्रत्येक माह फोटोग्राफ्स सहित निर्धारित प्रपत्र में जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। तिथि भोजन का उद्देश्य है कि लक्षित विद्यार्थियों के पोषण स्तर में सुधार का प्रयास करना, विद्यार्थियों की स्कूलों में नामांकन के विरुद्ध यथासंभव शत प्रतिशत उपस्थिति बनाए रखना, औद्योगिक इकाइयों को सीएसआर अंतर्गत एक पुनीत सामाजिक कार्य में सहभागिता का अवसर उपलब्ध कराना, समुदाय में सहभागिता व समरसता की भावना का विकास करना है। तिथि भोजन व्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने वाले प्रधानाध्यापक को शिक्षकों स्व सहायता समूह को विशेष अवसरों पर सम्मानित व प्रोत्साहित किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# जिले में 46.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 46.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र बिजुरी 11.2, जैतहरी में 6.4, वेंकटनगर में 1.0, पुष्पराजगढ़ में 2.2, अमरकंटक में 24.8, बेनीबारी में 1.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। अनूपपुर एवं कोतमा में वर्षा निरंक रही।